## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.11.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

1. जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आज मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया।

2. अमृत पहल की दसवीं वर्षगांठ पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम ने मरीजों को कुल आठ हजार पांच सौ करोड़ रुपये बचाने में मदद की है।

3. शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर–इंजीनियरिंग ट्रेडों के लिए अखिल भारतीय ट्रेड परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

4. जिला और राज्य स्तरीय चैंपियनशिप नवंबर और दिसंबर माह में आयोजित की जाएगी।

**<><><><><><><>**

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में आज जनजातीय गौरव दिवस समारोह के एक भाग के रूप में, रांची एसोसिएशन ने मोहनपुरा स्थित छोटा नागपुर सामुदायिक भवन में स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम में सांसद श्री बिष्णु पद रे, दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के सचिव अजहरुद्दीन जहीरुद्दीन काजी और जनजातीय समुदाय के सदस्य उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देते हुए भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने अधिकारियों से वंचित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय समुदायों तक पहुँचने का भी आग्रह किया। कौशल विकास के महत्व पर बल देते हुए, मुख्य सचिव ने युवाओं को विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। रांची एसोसिएशन के महासचिव प्रकाश मिंज ने अपने संबोधन में एसोसिएशन द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं सहित कई कार्यक्रमों को सहयोग देने के लिए प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

<><><><><><>

किफायती दवाएं और उपचार के लिए विश्वसनीय प्रत्यारोपण (अमृत) पहल ने आज दस वर्ष पूरे कर लिए। नई दिल्ली में अमृत की दसवीं वर्षगांठ समारोह में स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि इस कार्यक्रम ने पिछले दस वर्षों में मरीजों को लगभग आठ हजार पांच सौ करोड़ रुपये बचाने में मदद की है। उन्होंने बताया कि विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दो सौ पचपन अमृत फार्मेसी हैं, जो दवाओं, प्रत्यारोपणों, सर्जिकल डिस्पोजेबल्स और अन्य उपभोग्य सामग्रियों सहित छह हजार पांच सौ से अधिक उत्पादों पर अधिकतम खुदरा मूल्य पर पचास प्रतिशत तक की छूट प्रदान करती हैं।

<><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज ने स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से ''विश्व मधुमेह दिवस'' के अवसर पर 'मधुमेह और स्वास्थ्य' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मधुमेह के बढ़ते खतरे के बारे में जागरूकता पैदा करना और युवाओं में स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पी.वी.एन. सरमा ने कहा कि मधुमेह एक जीवनशैली संबंधी समस्या है और वयस्कों खासकर युवाओं में भी यह दर बढ़ रही है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों को शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि छात्र निवारक स्वास्थ्य सेवा के बारे में जान सकें और कम उम्र से ही सक्रिय जीवनशैली अपना सकें। कार्यक्रम में समग्र स्वास्थ्य प्रशिक्षक डॉ. राजीव मंडल ने मधुमेह के संदर्भ में स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

<><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता और सफाई का जायजा लेने के लिए, आज पद्‌मश्री से सम्मानित और स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर नरेश चंद्र लाल ने निर्मला वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने  और छात्रों और शिक्षकों से मुलाकात कर उन्हें अपने स्कूल परिसर के साथ–साथ अपने आस–पास भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए कहा। श्री लाल ने छात्रों से खुद को फिट रखने, खेलकूद में भाग लेने और मादक पदार्थों का सेवन से दूर रहने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों को स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने और मोबाइल फोन का उपयोग कर द्वीपसमूह की ऐतिहासिक विरासत और संस्कृति पर एक लघु फिल्म बनाने की भी सलाह दी। स्कूल के प्रबंधक फादर फ्रांसिस जेबियर

और स्कूल की प्रधानाचार्या जी. लीला उनके साथ मौजूद थे। स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर के कार्यकाल के आज नौ वर्ष पूरे हो गए। उन्हें पन्द्रह नवंबर दो हजार सोलह को द्वीपसमूह का ब्रांड एम्बेसेडर नियुक्त किया गया था।

<><><><><><>

प्रशिक्षण महानिदेशालय, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, नई दिल्ली ने शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर–इंजीनियरिंग ट्रेडों के लिए शेष और पूरक प्रशिक्षुओं के लिए अखिल भारतीय ट्रेड परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विस्तृत कार्यक्रम संबंधित ITI के सूचना पट्टों पर प्रदर्शित कर दिया गया है। प्रशिक्षण महानिदेशालय से प्राप्त सूचना के अनुसार, अखिल भारतीय ट्रेड परीक्षा पन्द्रह दिसंबर से शुरू होगी। इसमें दो हजार इक्कीस सत्र में प्रवेश पाने वाले प्रशिक्षु और दो हजार बाईस सत्र के बाद के सभी प्रशिक्षु परीक्षा में बैठने के पात्र हैं। यह परीक्षा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डॉलीगंज, राजकीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, बकुलतला और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अरोंग, में आयोजित की जाएगी। सभी पात्र उम्मीदवारों से पात्रता निर्माण और शुल्क भुगतान के लिए 8 दिसंबर तक अपने संबंधित आईटीआई के शैक्षणिक प्रकोष्ठ से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><>

जिला और राज्य स्तरीय चैंपियनशिप पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नवंबर और दिसंबर के दौरान आयोजित की जाएगी। बाईस और तेईस नवम्बर को ओपन स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप, दक्षिण अंडमान जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप और अंडर–11 और अंडर–13 के लिए ओपन स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप सह चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। खिलाड़ियों से बीस तारीख को अपनी प्रविष्टियाँ गूगल फॉर्म के माध्यम से जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><>

तीरंदाजी संघ आगामी जूनियर और सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए बाईस और तेईस नवंबर को श्री विजयपुरम में ओपन स्टेट जूनियर और सीनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप और चयन ट्रायल आयोजित करने जा रहा है। चयनित जूनियर तीरंदाज बाईस से तीस दिसंबर, तक रायपुर और दस से उन्नीस दिसंबर तक हैदराबाद में होने वाली तीरंदाजी चैंपियनशिप में भाग लेंगे। खिलाड़ियों को इक्कीस नवम्बर को दोपहर दो बजे तक गूगल फॉर्म के माध्यम से अपनी प्रविष्टियाँ जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से आज वार्ड संख्या– चार में एक विशेष कर संग्रह अभियान चलाया गया। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के लिए अपने नगरपालिका करों का भुगतान आसान बनाना और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना था। अभियान के परिणामस्वरूप कुल तीस लाख अठारह हजार दो सौ तेईस रुपये एकत्र हुए। आगामी शनिवार को नगरपालिका परिषद वार्ड संख्या–पांच के अटलांटा पॉइंट सामुदायिक हॉल और आरजीटी रोड सेनेटरी साइट कार्यालय में कर संग्रह अभियान आयोजित करेगा।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय की विज्ञान शाखा ने अंडमान निकोबार पुलिस के नारकोटिक्स सेल और होप फाउंडेशन के सहयोग से आज सरकारी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, फरारगंज में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य स्कूली छात्रों को तंबाकू और नशीली दवाओं और बाल शोषण के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देना था। सत्र के दौरान मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान पर प्रकाश डाला गया और छात्रों को उनसे बचाव के तरीके के बारे में भी जानकारी दी गई। शिक्षा निदेशक ने हर शनिवार को विभिन्न स्कूलों में हितधारकों के साथ इस तरह के शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। कार्यक्रम में कक्षा छठीं से दसवीं तक के कुल पैंसठ छात्रों ने भाग लिया।

<><><><><><><>